Title: Regarding closure of the Bern & Standard Company in Katni, Madhya Pradesh.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : उपाध्यक्ष महोद्य, यह मामला भारत सरकार के उपक्रम बंद करने की बाबत है। बर्न एंड स्टैंडर्ड कम्पनी भारत सरकार के उपक्रम ग्रामीण क्षेत्र में निवार जिला कटनी, जबलपुर यूनिट में उत्पादन कार्य अच्छी तरह से चल रहा था। लेकिन 1 अप्रैल, 2000 से वहां श्रमिकों को वेतन देना बंद कर दिया गया है। इस यूनिट का काम मुख्यालय के द्वारा अन्य समूह और घाटे की यूनिट के साथ सम्मिलित कर इसमें उत्पादन कार्य बंद कर दिया गया है और इसे बंद करने को कहा गया है। वहां लेबर समस्या है। इसलिए हमारा आग्रह है कि सैंट्रल गवर्नमैंट की तरफ से वहां एक समिति भेजी जाए और निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त कर उसे तुरंत चालू किया जाए। कटनी और जबलपुर में बर्न एंड स्टैंडर्ड कम्पनी इतना अच्छा काम कर रही है कि अभी तक उसकी सप्लाई सारे देश में हो रही है। लेकिन इसे जानबूझकर बंद करके वहां लेबर प्रॉब्लम क्रिएट की जा रही है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि इसे तुरंत शुरू कराया जाए। धन्यवाद।